पंचम माला, खंड 44, अंक 33, मंगलवार, 3 सितम्बर, 1974/12 भाद्र, 1896 (शक)

Fifth Series, Vol. XLIV, No. 33, Tuesday, September 3, 1974/Bhadra 12, 1896 (Saka)

लोक-सभा वाद-विवाद

का

संक्षिप्त अनूदित संस्करण

SUMMARISED TRANSLATED VERSION

OF

LOK SABHA DEBATES

[ग्यारहवां सत्र / Eleventh Session]

सत्यमेव जयते

[खंड 44 में अंक 31 से 38 तक हैं / Vol. XLIV contains Nos. 31 to 38]

लोक-सभा सचिवालय

नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT

NEW DELHI

मूल्य : दो रुपए

Price : Two Rupees.

[यह लोक-सभा वाद-विवाद का संक्षिप्त अनूदित संस्करण है और इसमें अंग्रेजी/हिन्दी में दिये गये भाषणों आदि का हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवाद है ।]

[This is translated version in a summary form of Lok Sabha Debates and contains Hindi/English translation of speeches etc. in English/Hindi.]

विषय-सूची/CONTENTS

अंक 33, मंगलवार, 3 सितम्बर, 1974/12 भाद्र, 1896 (शक)

No 33, Tuesday, September 3, 1974/Bhadra, 12, 1896 (Saka)

विषय	SUBJECT	पृष्ठ PAGES
स्थगन प्रस्ताव	Motion for Adjournment .	1
विहार में व्यक्तियों के भूख से मरने की कथित घटनायें	Alleged Starvation Deaths in Bihar .	1
सभा पटल पर रखे गए पत्र	Papers Laid on the Table .	4
विशेषाधिकार का प्रश्न	Question of Privilege . . .	6
संसद सदस्यों के बारे में अपमानजनक टिप्पणियों वाला 'प्रतिपक्ष' में प्रकाशित समाचार	News Report Published in the Prati Paksh Containing disparaging Remarks about Members of Parliament	6
रेल कर्मचारियों के मामले में कलकत्ता उच्च-न्यायालय के निर्णय के बारे में	Re. Calcutta High Court Judgement in Railway Employees case . .	14
राज्य सभा से संदेश	Messages from Rajya Sabha	25
सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति	Committee on Absence of Members from sittings of the House . .	26
16वां प्रतिवेदन	Sixteenth Report	26
स्थगन प्रस्ताव—अस्वीकृत हुआ	Motion for Adjournment as Contd. (Negatived)	27
बिहार में भूख से मौतें होने की कथित घटनाएं	Alleged starvation death in Bihar	
श्री अटल बिहारी वाजपेयी	Shri Atal Bihari Vajpayee	27
श्री प्रियरंजन दास मुन्शी	Shri Priya Ranjan Das Munsi .	27
श्री कृष्ण चन्द्र हाल्दर	Shri Krishna Chandra Haldar	28
श्री शंकर दयाल सिंह	Shri Sankar Dayal Singh .	29
श्री रामावतार शास्त्री	Shri Ramavatar Shastri .	30
श्री हरीकिशोर सिंह	Shri Hari Kishore Singh .	31
श्री जे० माता गौडर	Shri J. Matha Gowder . .	32
श्री एम० राम गोपाल रेड्डी	Shri M. Ram Gopal Reddy .	33
श्री रणबहादुर सिंह	Shri Ranabahadur Singh . .	33
श्री आर० एन० बर्मन	Shri R. N. Barman .	33

विषय	SUBJECT	पृष्ठ PAGES
श्री तरुण गोगोई	Shri Taran Gogoi .	35
श्री मधु लिमये	Shri Madhu Limaye .	35
श्री एन० पी० यादव	Shri N. P. Yadav . .	36
श्री जगन्नाथ मिश्र	Shri Jagannath Mishra . .	37
श्री श्यामनन्दन मिश्र	Shri Shyamnandan Mishra .	37
श्री ए० पी० शर्मा	Shri A. P. Sharma .	38
श्री शक्ति कुमार सरकार	Shri Sakti Kumar Sarkar . .	39
श्री शिव शंकर प्रसाद यादव	Shri Shiv Shankar Prasad Yadav .	39
श्री चिरंजीव झा	Shri Chiranjib Jha .	39
श्री राम भगत पासवान	Shri Ram Bhagat Paswan .	40
श्री ईश्वर चौधरी	Shri Ishwar Chaudhry .	40
श्री दामोदर पान्डे	Shri Damodar Pandey . .	40
श्री चन्द्रिका प्रसाद	Shri Chandrika Prasad . .	41
श्री भोगेन्द्र झा	Shri Bhogendra Jha	41
श्री विभूति मिश्र	Shri Bibhuti Mishra .	42
श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा	Shri Sukhdeo Prasad Verma .	42
श्री पी० जी० मावलंकर	Shri P. G. Mavalankar .	42
श्री यमुना प्रसाद मंडल	Shri Yamuna Prasad Mandal . .	43
श्री सी० सुब्रह्मण्यम	Shri C. Subramaniam .	43
श्री अटल बिहारी वाजपेयी	Shri Atal Bihari Vajpayee	46
तेल उद्योग (विकास) विधेयक	Oil Industry (Development) Bill .	47
विचार किये जाने का प्रस्ताव	Motion to consider	47

लोक-सभा
LOK SABHA

मंगलवार, 3 सितम्बर, 1974/12 भाद्र, 1896 (शक)
Tuesday, September 3, 1974/Bhadra 12, 1896 (Saka)

लोक सभा ग्यारह बजे समवेत हुई
The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. Speaker in the Chair

स्थगन प्रस्ताव
MOTION FOR ADJOURNMENT

बिहार में व्यक्तियों के भूख से मरने की कथित घटनाएं

कुछ माननीय सदस्य खड़े हुए ···

श्री समर गुह (कन्टाई) : श्रीमान्, जी, मैंने स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है ···· (व्यवधान)

Shri Atal Bihari Vajpayee (Gwalior) : Sir, I have given notice of an Adjournment motion regarding the situation in Bihar. Bihar is facing a serious situation of drought and floods. The Central Government had assured to supply 35,000 tonnes of foodgrains per month, whereas only 10,000 tonnes of foodgrains is being supplied actually. As a result, millions of people in Bihar are on the verge of starvation. Even the persons of ruling party like Shri Roshan Lal Bhatia of Bihar Pradesh Youth Congress have said that about fifteen persons have died of starvation and he has appealed to the Government for taking urgent relief measures.

Mr. Speaker : This matter had come up yesterday also. The questions have been asked and a discussion had also been held over this issue. It is a continuing matter and how could an adjournment motion be admitted on this. I have asked the Minister to make a statement on this subject.

प्रो० मधु दण्डवते (राजापुर) : क्या आपका यह निर्णय है कि इस शासन में भूख से मौतें लगातार हो रही हैं? (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : इसमें विनिर्णय का कोई प्रश्न ही नहीं है।

श्री श्यामनन्दन मिश्र (बेगूसराय) : हम इस सदन में सारे देश की बाढ़-स्थिति के बारे में बहस करते रहे हैं, परन्तु बिहार की बाढ़ स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की जानी है। सरकार ने कभी भी इस बारे में पूरा वक्तव्य नहीं दिया। सम्भव है अब सरकार सत्र के अन्तिम दिन वक्तव्य दे और हमें कोई मौका ही न दे (**व्यवधान**) बिहार के कुछ भागों में अभूतपूर्व बाढ़ की भयंकर स्थिति है। सबसे गम्भीर बात तो यह है कि वहां सरकार नाम की कोई चीज ही नहीं है, जो लोगों की सहायता करती। (**व्यवधान**)

Shri Hukam Chand Kachwai (Morena) : The Government has not honoured its commitment to supply foodgrains to Bihar Government. The Food Minister should be called here....**(Interruptions)**

अध्यक्ष महोदय : जब तक आप सब बैठ नहीं जायेंगे, मैं किसी को भी बोलने के लिए नहीं कहूंगा। यह एक समान विषय है और पहले चर्चा की जा चुकी है। यह मामला लगातार आ रहा है। मंत्री महोदय से वक्तव्य देने के लिए कहा गया है।

Shri Shyamnandan Mishra : The people are dying of starvation. **(Interruptions)**

Shri Atal Bihari Vajpayee : The Bihar Government has failed to meet the situation and the Central Government has not extended the requisite help.

श्री भागवत का आजाद (भागलपुर) : इस बात से सहमत हैं कि बिहार में बाढ़ है और लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बिहार सरकार ने 38,000 टन खाद्यान्न प्रति माह की मांग की है और 20 करोड़ रुपये की तत्काल राहत के कार्यों के लिए मांग की है और 10 करोड़ रुपये की राशि बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए मांगी है। बिहार सरकार द्वारा वितरित 22,000 टन खाद्यान्न पर्याप्त नहीं है। गफ्फूर की सरकार गम्भीरतापूर्वक कार्यवाही कर रही है, परन्तु समस्या तो यह है कि हमारे पास अनाज नहीं है, पैसा नहीं है। (**व्यवधान**)

श्री ए० पी० शर्मा (बक्सर) : वे लोगों की कठिनाइयों से राजनैतिक लाभ उठाना चाहते हैं।

श्री पी० एम० सईद (लक्कादीव मिनिकाय और अमीनदीवी द्वीप समूह) : केरल में बाढ़ से अभूतपूव नुकसान हुआ है।

श्री एच० एन० मुकर्जी (कलकता—उत्तर पूर्व) : बिहार और पश्चिम बंगाल तथा अन्य कई राज्य बाढ़ तथा दैवी विपत्तियों से प्रभावित हैं और यही नहीं, सरकार कुछ भी कर सकने में असफल रही है। खाद्य सप्लाई की कमी रही है और पश्चिम बंगाल में भूखमरी के कारण लोगों की मृत्यु हो रही है। पश्चिम बंगाल सरकार ने यह वक्तव्य दिया है कि लोगों की मृत्यु भूख के कारण नहीं, बल्कि कुपोषण के कारण हुई है। ऐसा वक्तव्य सारी मानवता के लिए कलंक है। सरकार को देश में व्याप्त जन-भावना से अवगत होना चाहिए। श्री बाजपेयी के प्रस्ताव से संसद् को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय समस्या पर चर्चा करने का अवसर मिल सकेगा।

Shri Madhu Limaye (Banka) : When a Member rises on a point of order, his submission must be listened to urgently. You are inciting Members for misconduct.... **(Interruptions)**

अध्यक्ष महोदय: श्री रामचन्द्रन कडनापल्ली, आप क्यों बार-बार खड़े हो जाते हैं? अगर आप व्यवस्था का प्रश्न उठा रहे हों, तो अपनी बात कह सकते हैं।

श्री रामचन्द्रन कडनापल्ली (कासरगोड): केरल में गम्भीर स्थिति है।

अध्यक्ष महोदय: यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

श्री प्रिय रंजन दास मुंशी (कलकत्ता—दक्षिण): श्री ज्योतिर्मय वसु और श्री हीरन मुखर्जी अपनी बात बिना व्यवस्था के प्रश्न के कह सकते हैं, फिर कांग्रेसी सदस्यों को अपनी बात कहने का मौका क्यों नहीं दिया जाता? हम इसका विरोध करते हैं। यह अन्याय है।

Shri Madhu Limaye: Mr. Speaker, Sir, my point of order relates to the arrangement of business....**(Interruptions)** According to the list of business, adjournment motion should be taken up first. There is no other way now left to raise the matters of urgent public importance. The question of starvation deaths relates to the supply of foodgrains by the Central Government. The adjournment motion must be admitted and immediate discussion must be held on this matter.

श्री दिनेश चन्द्र गोस्वामी (गौहाटी): जैसा कि आपने कहा कि यह मामला इस आशय में एक चलता रहने वाला मामला है कि इस पर पहले भी सदन में चर्चा हो चुकी है। मेरा निवेदन यह है कि बाढ़ की स्थिति के ऊपर चर्चा करने का अवसर दें, जिससे मन्त्री महोदय भी अपने विचार व्यक्त कर सकेंगे।

अध्यक्ष महोदय: 35,000 टन खाद्यान्न की मांग की तुलना में 10,000 टन खाद्यान्न केन्द्रीय सरकार ने बिहार सरकार को दिया है। 10 व्यक्तियों के भूख से मरने का समाचार मिला है। परन्तु इस सब पर चर्चा हो चुकी है।

श्री श्यामनन्दन मिश्र: इससे सरकार की असफलता का पता चलता है। **(व्यवधान)**

श्री ज्योतिर्मय बसु: मैंने आपको जो कागजात दिये हैं, उनमें बांकुरा, पुरुलिया, बर्दवान, कूच बिहार और बिहार में भूख से मौतें होने का जिक्र है। **(व्यवधान)**

संसदीय कार्य मंत्री (श्री के० रघुरामैया): बाढ़ की स्थिति के बारे में अपूर्ण चर्चा हुई थी। आवश्यक सरकारी कार्य के पूरे होते ही उस पर फिर से चर्चा जारी की जायेगी।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: मैं सदन की अनुमति चाहता हूं और मांग करता हूं कि सदन को स्थगित कर दिया जाये।

श्री के० रघुरामैया: मैं इसका विरोध करता हूं।

अध्यक्ष महोदय: जो स्थगन प्रस्ताव का समर्थन करते हैं, वे अपने स्थानों पर खड़े हो जायें। इनकी संख्या 50 से अधिक है। प्रस्ताव को चर्चा के लिए ग्रहीत किया जाता है।

4 बजे चर्चा प्रारम्भ होगी।

सभा पटल पर रखे गये पत्र

Papers Laid on the Table

भारत के पांचवे सामान्य निर्वाचन, 1971-72 पर भारत के निर्वाचन आयोग का प्रतिवेदन और केरल, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के संसदीय तथा विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्रों के बारे में परिसीमन आयोग के आदेश।

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नीतिराज सिंह चौधरी) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) भारत में पांचवें सामान्य निर्वाचन, 1971-72 विवेचनात्मक और प्रतिबिम्बात्मक भाग-पर भारत के निर्वाचन आयोग के प्रतिवेदन (हिन्दी संस्करण) की एक प्रति।
[ग्रन्थालय में रखा गया, देखिए सं० एल० टी० 8370/74]

(2) परिसीमन अधिनियम, 1972 की धारा 10 की उपधारा (3) के अन्तर्गत परिसीमन आयोग के निम्नलिखित आदेशों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक एक प्रति :—

(एक) केरल राज्य के बारे में संसदीय तथा विधान सभाई निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के सम्बन्ध में परिसीमन आयोग का आदेश संख्या 18 जो भारत के राजपत्र दिनांक 27 जुलाई, 1974 में अधिसूचना संख्या सं० आ० 456 (ङ) में प्रकाशित हुआ था।

(दो) हिमाचल प्रदेश राज्य के बारे में संसदीय तथा विधान सभाई निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के संबंध में परिसीमन आयोग का आदेश संख्या 19 जो भारत के राजपत्र दिनांक 31 जुलाई, 1974 में अधिसूचना संख्या सां० आ० 461 (ङ) में प्रकाशित हुआ था।

(तीन) कर्नाटक राज्य के बारे में संसदीय तथा विधान सभाई निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के सम्बन्ध में परिसीमन आयोग का आदेश संख्या 20 जो भारत के राजपत्र दिनांक 5 अगस्त 1974 में अधिसूचना संख्या सां० आ० 479 (ङ) में प्रकाशित हुआ था।

[ग्रंथालय में रखे गए, देखिए सं० एल० टी० 8371/74]

सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के अधीन अधिसुचनायें

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : मैं सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :

(एक) सा० सां० नि० 379(ङ) जो भारत के राजपत्र दिनांक 29 अगस्त, 1974 में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा० सा० नि० 380(ङ) जो भारत के राजपत्र दिनांक 29 अगस्त, 1974 में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखी गई देखिए स० एल० टी० 8372/74]

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के लापता हो जाने के सम्बन्ध में जांच आयोग का प्रतिवेदन और सुरेन्द्र नगर जिले में लिम्बदी में पुलिस द्वारा गोली-बारी सम्बन्धी प्रतिवेदन

गृह मंत्रालय तथा कार्मिक विभाग में राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : मैं सभा पटल पर निम्नलिखित पत्र रखता हूं :

(1) जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 की उपधारा (4) के अन्तर्गत निम्नलिखित दस्तावेजों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के लापता हो जाने के सम्बन्ध में जांच आयोग का प्रतिवेदन (1974)।

(दो) प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही सम्बन्धी ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखे गये, देखिए सं० एल० टी० 8374/74]

(2) गुजरात राज्य के बारे में राष्ट्रपति द्वारा जारी की गई दिनांक 9 फरवरी, 1974 की उद्घोषणा के खण्ड (ग) (तीन) के साथ पठित जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 की उपधारा (4) के अन्तर्गत निम्नलिखित दस्तावेजों (हिन्दी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) सुरेन्द्र नगर जिले में लिम्बदी में 27 अप्रैल, 1973 को हुई घटनाओं तथा पुलिस द्वारा गोली-बारी संबंधी प्रतिवेदन।

(दो) प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही संबंधी ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखे गये, देखिए सं० एल० टी० 8374/74]

श्री समर गुह (कन्टाई) : मैं नेताजी जांच आयोग रिपोर्ट के बारे में ध्यान आकर्षित कर रहा हूं, जो सभा पटल पर रखी गई है। इस रिपोर्ट को जान बूझकर लेट किया गया है। कुछ समाचारपत्रों में मंत्रिमंडय का निर्णय प्रकाशित हुआ है। मैं ईश्वर की शपथ खाकर इस सदन में घोषित करना चाहता हूं कि नेताजी अभी भी जीवित हैं। भारत के महानतम क्रांतिकारी और राष्ट्रभक्त नेता के प्रति सरकार ने बहुत बड़ा छल किया है। नेताजी अभी भी जीवित है।

31 मार्च, 1973 को समाप्त हुई अवधि के लिए भारतीय चाय व्यापार निगम, कलकत्ता का वार्षिक प्रतिवेदन और समीक्षा

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) :

मैं कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :

(एक) भारतीय चाय व्यापार निगम, कलकत्ता के 31 मार्च, 1973 को समाप्त हुई अवधि के लिए कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) भारतीय चाय व्यापार निगम लिमिटेड, कलकत्ता का 31 मार्च, 1973 को समाप्त हुई अवधि संबंधी वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखी गई देखिए सं० एल० टी० 8375/74]

बिहार में छात्र आन्दोलन के दौरान केन्द्रीय आरक्षित पुलिस तथा सीमा सुरक्षा दल द्वारा गोली चलाये जाने के बारे में 14 अगस्त, 1974 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2523 के उत्तर में शुद्धि करने सम्बन्धी विवरण

गृह मंत्रालय तथा कार्मिक विभाग में राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : मैं श्री एफ० एच० मोहसिन की ओर से छात्र आन्दोलन के दौरान बिहार में केन्द्रीय आरक्षित पुलिस तथा सीमा सुरक्षा दल द्वारा गोली चलाये जाने के बारे में श्री जी० पी० यादव के अतारांकित प्रश्न संख्या 2523 के 14 अगस्त, 1974 को दिये गये उत्तर में शुद्धि करने सम्बन्धी विवरण सभा पटल पर रखता हूं। **(ग्रंथालय में रखे गये, देखिए सं० एल० टी० 8376/74)**

विशेषाधिकार का प्रश्न

QUESTION OF PRIVILEGE

संसद सदस्यों के बारे में अपमानजनक टिप्पणियों वाला 'प्रतिपक्ष' में प्रकाशित समाचार

श्री पीलू मोदी (गोधरा) : "प्रतिपक्ष" नामक समाचार-पत्र में संसद सदस्यों की कटु आलोचना की गई है। इसके सम्पादक श्री जार्ज फर्नान्डीज हैं। इसका शीर्षक है : "संसद या चोरों दलालों का अड्डा ?" (व्यवधान) इन्दिरा नगद गिरोह की जालसाजी"

अध्यक्ष महोदय : आप सिर्फ एक समाचार पत्र पढ़ रहे हैं। इस देश में अनेक समाचारपत्र हैं और अनेक समाचार पत्र उनमें प्रकाशित होते हैं। आप का क्या प्रयोजन है ?

श्री पीलू मोदी : क्या किसी समाचार पत्र में यह प्रकाशित होता है कि यहां बैठे हुए सभी सदस्य झूठे हैं और उनके हस्ताक्षर जाली बनाये जाते हैं, तो क्या यह विशेषाधिकार भंग का मामला नहीं है ? या तो आप इसे स्वीकार करें कि यह सच है, फिर मुझे कुछ भी नहीं कहना। या इसकी पूरी जांच कराई जाये और उन सदस्यों का पता लगाया जाय और आरोपों के विरुद्ध सिद्ध होने पर उनके स्थान को लोक सभा में रिक्त घोषित किया जाय।

अध्यक्ष महोदय : विशेषाधिकार का मामला किसके खिलाफ ?

श्री श्याम नन्दन मिश्र (बेगूसराय) : सम्पादक के खिलाफ।

श्री पीलू मोदी : मैंने आपको आज सुबह यह भेजा था।

अध्यक्ष महोदय : मुझे मिला नहीं।

श्री पीलू मोदी : अगर रास्ते में ही कहीं गुम हो गया है, तो यह भारतीय इतिहास की ऐसी पहली घटना नहीं है। आप तीन पंक्तियां पढ़कर ही समझ जायेंगे कि इसमें विशेषाधिकार भंग का मामला है या नहीं।

अध्यक्ष महोदय : पत्र के साथ सम्बद्ध सामग्री भी भेजी जानी चाहिए थी। मुझे यह नहीं मिली है।

श्री श्यामनन्दन मिश्र (बेगुसराय): इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने में क्या कठिनाई है ?

श्री पीलू मोदी (गोधरा) : जब इस बात के लिए दोनों पक्ष सहमत हैं तो इसे विशेषाधिकार समिति के पास क्यों नहीं भेजा जाता ?

श्री विक्रम महाजन (कांगड़ा) : इस मामले का फैसला सदन को ही करना चाहिए। सम्पादक को सदन के सामने बुलाना चाहिए और उसे माफी मांगने के लिए कहा जाना चाहिए।

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : जो कुछ सदन में कहा जाता है उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा सकता है । हमें भी इस सदन में बोलते समय सावधानी से काम लेना चाहिए **(व्यवधान)**

श्री एच० एन० मुकर्जी (कलकत्ता-उत्तर पूर्व) : यदि हम इस मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंपते हैं तो हम लोगों के सामने अपने आप को अपनानित करेंगे। हमें समाचार पत्रों अथवा व्यक्तियों को धमकाते समय स्वयं अपने को भी टटोलना चाहिए। हमें इसे विशेषाधिकार समिति को सौंपना चाहिए और साथ ही हमें अपने सदस्यों के बारे में स्वयं जॉच करने हेतु भी कार्यवाही करनी चाहिए । यदि हम 21 अथवा 22 कथित हस्ताक्षरों की जांच नहीं करते तो लोग हमारी निंदा करेंगे ।

श्री श्यामनंदन मिश्र : इस सदन की मर्यादा को केवल सरकार ही चोट पहुंचा रही है। अतः संसदीय जांच जरूरी है अन्यथा हम इस मामले में न्याय नहीं कर सकेंगे। विशेषाधिकार समिति को जांच समिति का काम भी करना पड़ेगा।

श्री ज्योतिर्मय बसु : हमें इस समाचार पत्र के सम्पादक को इस सदन को चोरों का सदन कहने के लिए बधाई देनी चाहिए क्योंकि श्री एल० एन० मिश्र ने भारत सेवक समाज की राशि का गबन किया है। यह सिद्ध हो चुका है कि 21 में से 7 हस्ताक्षर असली हैं? इसलिए इस मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंपना जरूरी है।

श्री बी० के० दास चौधरी (कूच-बिहार) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है उस समाचार पत्र में कहा गया है कि इस सदन में कुछ दलाल तथा चोर हैं। यह एक गंभीर मामला है। लेकिन माननीय सदस्य ने यह भी कहा है कि इस सदन में इस प्रकार के व्यक्ति भी हैं। मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि क्या आप उनकी टिप्पणी को कार्यवाही वृतान्त में रहने देंगे अथवा इसमें से निकाल देंगे **(व्यवधान)**

श्री पी० जी० मावलंकर (अहमदाबाद) : इस सम्पादक ने, जो इस सदन का भूतपूर्व सदस्य है, समूचे सदन के बारे में एक गंभीर बात प्रकाशित की है। निश्चय ही यह मामला विशेषाधिकार समिति को सौंपा जाना चाहिए। और जो कुछ भी लिखा गया है। उसे सिद्ध करने हेतु सम्पादक को साक्ष्य देने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए।

मैं इस बात को मानता हूं कि यह एक ऐसा मामला है जिसके लिए संसदीय जांच जरूरी है इस मामले को केवल केन्द्रीय जांच ब्यूरो पर ही नहीं छोड़ना चाहिये। अतः मेरा सुझाव यही है कि इस मामले की संसदीय जांच की जानी चाहिए।

Shri Madhu Limaye (Banka) : Pressure of the Prime Minister and the Minister of Parliamentary Affairs was become so strong that no Congress member can face it. Therefore, my privilege motion against the Prime Minister and the Minister of Parliamentary Affairs may be admitted.

Mr. Speaker : Ruling was already been given over it yesterday.

श्री पी० एम० सईद (लक्कदीव, मिनिकाय तथा अमनदीवी द्वीपसनूह) : इस समाचार पत्र के संपादक इस सदन के भूतपूर्व सदस्य हैं। आप स्वयं इस समाचारपत्र को पढ़ें। यदि यह विशेषाधिकार समिति के लिए उपयुक्त मामला है तो इसे अवश्य उस समिति को सौंपा जाये।

Shri Jagannathrao Joshi (Shajapur) : This is a serious matter. The Members who are allegedly involved in the affair have not given any clarification, as a result of which their silence is indicating the admission of guilt. The whole matter requires to be looked into thoroughly.

श्री के० लकप्पा (तुमकुर) : कुछ माननीय सदस्य इस मामले से राजनैतिक लाभ उठाना चाहते हैं। सारे मामले की केन्द्रीय जांच ब्यूरो जांच कर रहा है। जब तक केन्द्रीय जांच ब्यूरो किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचता, उस समय तक किसी कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है।

श्री सेझियान (कुम्यकोणम्): समाचार पत्र में बताये गये आरोप बहुत गंभीर हैं। अतः सभा को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। आरोप लगाने वाले व्यक्ति की निंदा की जानी चाहिए और अध्यक्ष महोदय के मामले की पूरी जांच करनी चाहिए।

'हिन्दुस्तान टाइम्स' के अनुसार, सरकार लाइसेंस घोटाले की संसदीय जांच के लिए सहमत नहीं हो रही है। कहा गया है कि सरकार पहले केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा मामले के तथ्यों की पुष्टि करना चाहती है। क्या सरकार ने इस बात का निश्चय कर लिया है कि इस मामले की संसदीय जांच नहीं करायी जायेगी ? इस मामले की यदि संसदीय जांच नहीं होती तो लोगो का संसद में विश्वास कम हो जायेगा। इसलिए मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया जाये और साथ साथ इसकी संसदीय जांच भी आरम्भ कर दी जाये।

श्री प्रिय रंजन दास मुंशी (कलकत्ता-दक्षिण) : पिछले सप्ताह से हमारे सामने लाइसेंस का मामला रहा है। अध्यक्ष महोदय को यह मामला जल्दी से निपटा देना चाहिए। यदि वह सदस्यों की रक्षा नहीं करते और इस मामले को नहीं निपटाते तो आज या कल संसद की प्रतिष्ठा के लिए खतरा पैदा हो जायेगा।

इस मामले के सम्बन्ध में जब तक पूरी स्थिति सामने नहीं आती तब तक किसी को भी सारी संसद को या इसके सदस्यों को बदनाम करने का अधिकार नहीं है। श्री जार्ज फर्नांडीज को संसद की बदनामी करने का कोई अधिकार नहीं है, चाहे उनका दृष्टिकोण कुछ भी हो। मैं अनुरोध करता हूं कि आप उन्हें अपना दृष्टिकोण बदलने के लिए कहें। इसके साथ आपसे यह अनुरोध भी करता हूं कि आप इस बारे में अपना निर्णय दें।

मुझे खेद है कि श्री ज्योतिर्मय बसु कुछ समय से आपत्तिजनक बातें कह कर इस सदन का वातावरण बिगाड़ रहे हैं। आप उनका मार्गदर्शन करें कि एक संसद सदस्य का व्यवहार किस प्रकार का होना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस दल के सदस्यों को चोरों का गिरोह और दलाल कहा है।

श्री ज्योतिर्मय बसु : मैंने श्री एल० एन० मिश्र को हटाने हेतु विधिवत रूप से प्रस्ताव दिया है और मैंने पूरी जिम्मेदारी से ऐसा किया है। दूसरी बात यह है कि यदि किसी अन्य लोकतांत्रिक देश में ऐसा होता तो वहां की सरकार को अपदस्थ होना पड़ता।

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री एच० आर० गोखले) : मैंने वह समाचार पत्र नहीं पढ़ा है। इस मामले में हमारे मन में कोई बात नहीं है।

माननीय सदस्य इस मामले में बहुत उत्तेजित हैं। वे इस मामले की संसदीय जांच कराना चाहते हैं । सरकार स्वयं भी इस बारे में काफी चिंतित है।

जहां तक इस मामले का सम्बन्ध है, इसकी जांच हो रही है। मामला दर्ज कर दिया गया है **(व्यवधान)**

इस मामले की वास्तविक जांच न्यायालय ही कर सकता है। इसके बाद ही यह सभा उस पर अपना निर्णय दे सकती है। मैं इस बात को स्पष्ट करना चाहता हूं कि किसी को भी बचाने का प्रयास नहीं किया जायेगा। जांच पूरी होने के बाद सरकार कार्यवाही करने में संकोच नहीं करेगी।

श्री सेंज़ियान : मामला कब दर्ज किया गया ?

श्री एच० आर० गोखले : इसे पिछले दो दिनों के दौरान दर्ज किया गया।

Shri Atal Bihari Vajpayee (Gwalior) : I had apprehensions about the intentions of the Government for rendering the discussion meaningless by bringing in court etc. in it, so that involved persons could be protected. So many members, including Congress members, have favoured probe by the a Parliamentary Committee. How the Law Minister says that this case has been registered.

I want to know as to what happened to the case of an hon. Member, Shri Tul Mohan Ram, who has not said so far that his signatures are not genuine ? Will this matter be referred to the Court ? Will the conduct of Members of Parliament be looked into by some Government agency or the Court, but not by a Parliamentary Committee ? Mr. Speaker, Sir, you will recollect that a similar issue was raised in Provisional Parliament and on 6th June, 1951 Shri Jawahar Lal Nehru had said, "The dignity of the House and the proper behaviour of every individual Member is dear to the House." At that time Prime Minister did not say that the issue is being entrusted to C.B.I. He being a true democrat, referred the whole issue to a Parliamentary Committee. But today the norms and values of Government have changed. The entire House is being put to contempt but Government is not prepared to entrust this issue to a Parliamentary Committee.

Shri Madhu Limaye (Banka) : I would like to draw your attention towards rule 186 which is about the admisibility of a motion. The statement of the hon. Law Minister tends to sabotage the rights of this House. According to the admisibility rules of a motion, it shall not relate to any matter which is under adjudication by a court of law having jurisdiction in any part of India.

I informed you yesterday that Government will file F.I.R. and a case will be instituted. How they are doing the same thing. They are trying to sabotage the healthy

traditions of this House. Kindly permit me to bring a privilege motion against the Law Minister (Interruptions).

अध्यक्ष महोदय : जब मंत्री महोदय ने सदन में वक्तव्य दे दिया है तो फिर उसके बारे में विशेषाधिकार का प्रश्न कहां से उत्पन्न हो जाता है। आपने प्रश्न पूछा और उन्होंने उत्तर दे दिया।

श्री एच० एन० मुकर्जी (कलकत्ता उत्तर-पूर्व) : सब से महत्वपूर्ण बात यह कि क्या यह मामला संसद में उठने से पहले दर्ज हुआ था या बाद में? यदि यह मामला संसद में उठाये जाने के बाद दर्ज हुआ है तो निश्चय ही यह बहुत ही बुरी बात है और इससे अच्छी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का हनन हुआ है, संसद के विशेषाधिकारों का हनन हुआ है।

श्री बंसत साठे (अकोला) : श्री पीलू मोदी द्वारा पहले ही नियम 223 के अंतर्गत विशेषाधिकार का मामला उठाया जा चुका है और वह सदन के विचाराधीन है। अब उसी विषय पर श्री लिमये द्वारा इसी बैठक में फिर वही प्रश्न उठाया जा रहा है परन्तु नियम इसकी अनुमति नहीं देते। अतः हम श्री पीलू मोदी के प्रस्ताव पर ही विचार करना चाहेंगे। यदि सभी सदस्य एकमत से यह चाहें कि यह मामला विशेषाधिकार समिति को सौंपा जाये, तो और अधिक समय नष्ट किये बिना ही इसे शीघ्र कर दिया जाना चाहिए।

श्री ज्योतिमर्य बसु (डायमंड हार्बर) : मुकद्दमे की कार्यवाही अब से दो ही दिन पूर्व आरम्भ की गई थी। काफी हद तक यही संभावना है कि यह कार्यवाही सोमवार को ही आरम्भ की गई थी। शनिवार को जब उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन थे तो उन्होंने स्पष्ट रूप से अपनी राय दी थी कि इस मामले पर सदन में ही चर्चा की जानी चाहिए। अब बीच में ही सरकार ने यह मामला न्यायालय में ले जाने का निर्णय कर लिया है जबकि सदन ही इस मामले पर विचार करने जा रहा था। अतः यह मामला सदन के प्रत्यक्ष अध्ययन का है।

विधि और न्याय मंत्री (श्री एच० आर० गोखले) : सदस्यों को कुछ गलतफहमी हो गई है। मैंने यह नहीं कहा है कि यह मामला न्यायालय में चला गया है मैंने केवल यही कहा था कि मामला दर्ज हो गया है तथा इसकी जांच आदि का काम आरम्भ हो गया है। मेरा कहने का तात्पर्य यह बिल्कुल नहीं था कि चूंकि यह मामला 'न्यायालय' में विचाराधीन पड़ा है, अतः इसमें सदन पर चर्चा नहीं हो सकती। मैंने तो केवल सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट किया था।

Shri S. M. Banerjee (Kanpur) : Mr. Speaker, Sir, I have got a point of order. This issue first came up as a privilege motion. Later on Prof. H. N. Mukherjee and some other Members wanted to know the facts of the case. As a number of Members of Parliament are involved in the case, and the House is anxious to enonerate them, therefore a Parliamentary Committee is being demanded for the purpose....**(Interruptions).**

श्री दिनेश सिंह (प्रतापगढ़) : जहां तक मैं सदन की कार्यवाही समझ पाया हूं वह यही है कि किसी समाचार पत्र द्वारा संसद तथा संसद सदस्यों के विरुद्ध कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी प्रकाशित की गई है। श्री पीलू मोदी द्वारा इसके बारे में विशेषाधिकार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया और अब यह प्रस्ताव सदन के विचाराधीन है। श्री गोखले ने इस मामले में केवल इतना ही कहा है कि यह मामला पुलिस में दर्ज हो गया है। उन्होंने यह नहीं कहा कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन

है। अतः श्री गोखले के विरुद्ध जो प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है वह अलग प्रस्ताव है। मैं समझता हूं कि पहले मामले पर विशेषाधिकार समिति द्वारा विचार किया जाना चाहिए, कि क्या वास्तव में यह विशेषाधिकार हनन सम्बन्धी मामला है या नहीं।

श्री श्यामनन्दन मिश्र (बेगूसराय) जहां तक श्री पीलू मोदी के विशेषाधिकार प्रस्ताव का प्रश्न है, उसके बारे में सभी का यही मत है कि यह विशेषाधिकार समिति को सौंपे जाने का उपयुक्त मामला है। परन्तु हमारे समक्ष वर्तमान समस्या इसलिए उत्पन हुई है क्योंकि विधि मंत्री श्री गोखले ने एक असंगत सी बात कह कर इसके हस्ताक्षेप किया है। अब हमारे समक्ष प्रश्न यह है कि विधि मंत्री ने जो हस्ताक्षेप किया, क्या वह हस्ताक्षेप नियमों के अंतर्गत अपेक्षित था या नहीं। मैं समझता हूं कि उन्होंने संसद के समक्ष संपूर्ण मामले को बिगाड़ने का प्रयास किया है। अतः श्री मधु लिमये ने उनके विरुद्ध विशेषाधिकार का प्रस्ताव लाकर ठीक ही किया है। अब सरकार का आशय संदिग्ध जान पड़ता है। सदन में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि क्या उस रजिस्ट्री का सम्बन्ध किस से है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यद्यपि दोनों ही प्रस्ताव पूर्णतया अलग-अलग है परन्तु सदन को उन्हें स्वीकार करके उन पर एक साथ विचार आरम्भ कर देना चाहिए।

श्री एच० आर० गोखले : मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैंने जो कुछ भी कहा है वह असंगत नहीं है । वह अलग विशेषाधिकार का मामला था परन्तु उसके साथ दूसरे मामले को जोड़ दिया गया है। सरकार की आलोचना की गई है। मैंने तो केवल सरकार की स्थिति स्पष्ट करने के लिए हस्ताक्षेप किया था। मैंने यह कभी नहीं कहा था कि इस पर सदन में विचार नहीं किया जा सकता ।

Shri Janeshwar Mishra (Allahabad) : My first point is that the language and style of "Prathilaksh" newspaper was the main subject of criticism in this House and the privilege motion of Shri Piloo Mody was accepted for the same. The entire discussion on the subject has painted a very disty image of this House.

Secondly, when persons of the stature of Prime Minister and Law Minister have said it in the Press as well as in Party meetings that it will be enquired into by C.B.I. and not by a Parliamentary Committee, they have sabotaged the demand of a Parliamentary probes.

Thirdly, the intervention of the Law Minister that it is **sub-judice** is a well calculated more to sabotage the demand of a Parliamentary Probe. They all have degraded the image of this august House and I propose that serious action should be taken against them.

श्री पी० जी० मावलंकर (अहमदाबाद) : विधि मंत्री के हस्ताक्षेप से मेरी शंका की पुष्टि हो गई है कि सरकार इस मामले को अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र से निकाल कर सरकार के अधिकार क्षेत्र में लाना चाहती है। इसीलिए हमने अध्यक्ष महोदय से कहा है कि वह इस मामले पर शीघ्र कार्यवाही करें। तथा इसके साथ ही श्री पीलू मोदी के प्रस्ताव पर भी निर्णय करांएं ताकि इस समूचे मामले की जांच करवाई जा सके।

श्री ए० के० एम० इसहाक (बीसरहाट) : मत दो दिनों से ही प्रतिपक्ष द्वारा सी. बी. आई. की आलोचना की जा रही है । इससे पूर्व अनेक ऐसे ही अवसरों पर प्रतिपक्ष में सी. बी. आई. की जांच की मांग

की है । क्या यह प्रतिपक्ष की इच्छा पर निर्भर करता है कि वह किस समय किस प्रकार की जांच की मांग करे । श्रीमान् जी, आप तो स्वयं एक अच्छे वकील है और यह बात अच्छी तरह जानते है कि जब किसी विषय की जांच एक निकाय द्वारा की जा रही है तो फिर उसी समय उसको जांच किसी अन्य निकाय द्वारा करवाने का स्पष्ट अर्थ दोनों का टकरार ही होता है । अतः पहले सी बी आई. की जांच पूरी होने दी जानी चाहिये ।

श्री पीलू मोदी (गोदरा) : मैं नियम 225 के अन्तर्गत निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूं ।

"कि 'प्रतिपक्ष' के हाल के संस्करण में प्रकाशित कहानी से उत्पन्न विशेषाधिकार के प्रश्न की जांच करने और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उसे विशेषाधिकार समिति के पास भेजा जाये, सभा यह भी संकल्प करती है कि इस मामले में सम्बन्धित सारे दस्तावेज और फाइलें जब्त कर ली जाये और संसद की देखरेख में रखी जाये ।"

अध्यक्ष महोदय : पहले कभी ऐसी प्रथा नहीं रही है । आप नियम 222 के पहले मेरे पास भेजिये तथा उसके बाद कोई अन्य मामला प्रस्तुत कीजिये ।

श्री पीलू मोदी : ऐसी कोई बात नहीं है वास्तव में आपने सभी असंगत बातों की चर्चा करने की अनुमति दे दी है ।

अध्यक्ष महोदय : आपने अपना विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव मुझे भेज दिया है। मैं इस पर विचार कर लूंगा ।

श्री एस० एम० बनर्जी : मैंने भी नियम 222 के अन्तर्गत प्रस्ताव भेजा था उसका क्या हुआ ?

श्री जगन्नाथ राव जोशी : (शाजापुर) : आप किसी के प्रस्ताव पर भी विचार कर लीजिये । हम सभी से सहमत हैं ।

Shri Madhu Limaye : According to the procedure regarding Privilege Motions, in the beginning, a notice is given. Then comes rule 225. According to this rule, the Speaker, if he gives consent under Rule 222 holds that the matter proposed to be discussed is in order, shall after the questions and before the list of business is entened upon, call the member concerned, who shall rise in his place and while asking for leave to raise the question of privilege, make a short statement relevant thereto.

Then next is rule 226 and according to these rules, the motions of Shri Mody is in order.

श्री श्यामनन्दन मिश्र : अब भला समस्या ही क्या है ? श्री पीलू मोदी ने जो प्रस्ताव आपको भेजा था वह उन्होंने पढ़ दिया है। वह नियम 222 के अन्तर्गत भेजा गया था। विशेषाधिकार सम्बन्धी प्रस्ताव के तीन चरण हो सकते हैं जोकि नियम 222, 225 तथा 226 के अन्तर्गत आते हैं। अब वह अपने प्रस्ताव का अन्तिम चरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उनका प्रस्ताव पूर्णतया नियमों के अन्तर्गत है और उन्होंने उसमें बाद में उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया है ।

अध्यक्ष महोदय : मैं माननीय सदस्य की बात सुन रहा हूं। आप बीच में व्यवधान क्यों डाल रहे हैं?

श्री पीलू मोदी (गोधरा) : मैं अपने प्रस्ताव के अन्तिम भाग में संशोधन करने के लिये तैयार हूं (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : कृपया शांति रखें। हमें नियमों का पालन करना है।

श्री दिनेश सिंह : जो प्रस्ताव पहले भेजा गया है, वह प्रस्ताव नहीं, नोटिस था हालांकि इन दोनों में थोड़ा सा अन्तर है। नोटिस समाचार पत्र के विरुद्ध दिया गया है । हमें देखना है कि पत्र में क्या छापा गया है।

श्री के० रघुरामैया : श्री पीलू मोदी द्वारा दिये गये नोटिस पर अवश्य विचार किया जायेगा। इसके लिये एक दिन का समय आवश्यक है।

श्री पीलू मोदी : यह मामला समाचार पत्र में प्रकाशित हो चुका है फिर भी मंत्री महोदय एक दिन का समय चाहते हैं। यह बात मेरी समझ से बाहर है। यदि यह मामला विशेषाधिकार समिति को नहीं सौंपा जाता तो इससे संसद सदस्यों के विशेषाधिकारों का हनन होगा।

श्री कार्तिक उरांव (लोहरडगा) : विशेषाधिकार प्रश्न की स्वीकार्यता के बारे में प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों की नियम संख्या 224 में कहा गया है:

विशेषाधिकार प्रश्न उठाने का अधिकार निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा:—

(1) एक ही बैठक में एक से अधिक प्रश्न नहीं उठाये जायेंगे;

(2) प्रश्न हाल ही में घटित किसी विशिष्ट विषय तक सीमित रहेगा;

(3) विषय में सभा का हस्तक्षेप अपेक्षित है।

विशेषाधिकार के इस मामले ने भी संसद की प्रतिष्ठा और सर्वोच्चता को ठेस पहुंचाई है। इस लिये पत्र में छपे विषय को विशेषाधिकार का विषय न मानकर प्रकाशन का मामला विशेषाधिकार समिति को भेजना चाहिय क्योंकि उसने ही संसद की प्रतिष्ठा और मान को चोट पहुंचाई है।

दूसरी बात यह है कि संसद से बाहर हुई घटना को विशेषाधिकार का विषय नहीं बनाया जा सकता क्योंकि इससे संसद की प्रतिष्ठा पर प्रभाव पड़ता है।

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : मेरे विशेषाधिकार प्रस्ताव का क्या हुआ?

अध्यक्ष महोदय : एक साथ कई विशेषाधिकार प्रस्तावों पर चर्चा नहीं की जा सकती। माननीय सदस्य द्वारा दिये गये नोटिस का पाठ विचारार्थ प्रस्तुत प्रस्ताव के पाठ से भिन्न है। यह एक गम्भीर बात है।

प्रो० मधु दण्डवते (राजापुर) : माननीय सदस्य द्वारा दिये गये नोटिस को पेश किया जाना चाहिये। हम उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेंगे ।

श्री दिनेश गोस्वामी (गोहाटी) : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। नियम संख्या 224 और 225 में 'विशेषाधिकार का प्रश्न' शब्द का प्रयोग किया गया है। अतः नियम संख्या 224 के अन्तर्गत अनुमति देते समय सदस्य को 'प्रश्न' तक ही सीमित रहना होगा।

श्री एस० एम० बनर्जी : आपने जब चर्चा की अनुमति दी तो हमने समझा कि जब तक नियम संख्या 22 के अन्तर्गत प्रस्ताव न रखा जाये, मामला विशेषाधिकार समिति को नहीं सौंपा जायेगा। अब मेरा विचार यह है कि यह मामला विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया जाए।

अध्यक्ष महोदय : मैंने अपनी प्रक्रिया सम्बन्धी बात स्पष्ट कर दी थी। मुझे दो प्रस्ताव भेजे गये थे। मैं पहले प्रस्ताव को ठीक समझता हूं। अतः मूल प्रस्ताव को कल पेश किया जाये।

श्री पीलू मोदी : 'प्रतिपक्ष' के नवीनतम अंक में यह रिपोर्ट प्रकाशित हुई है कि जिन सदस्यों ने जाली हस्ताक्षर होने का आरोप लगाया था, झूठ बोल रहे थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह हस्ताक्षर श्री एल० एन० मिश्र ने करवाये थे। रिपोर्ट के मुख्य पृष्ठ पर प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार की 'गंगोत्री' कह होने का आरोप लगाया गया है। यह माननीय सदस्यों और पूरे सदन के लिये अवमान की बात है। इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने सम्बन्धी प्रस्ताव को पेश करने की अनुमति दी जाये।

अध्यक्ष महोदय : आप प्रस्ताव पेश करने की अनुमति मांगने के लिये प्रस्ताव पेश कर सकते हैं।

श्री पीलू मोदी : मैं प्रस्ताव पेश करने की अनुमति चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय : जो सदस्य प्रस्ताव पेश करने के पक्ष में हैं, वह अपनी सीटों से खड़े हो जायें।

श्री के० रघुरामैया : हम इसका विरोध करते हैं।

अध्यक्ष महोदय : चूंकि अपेक्षित संख्या से अधिक सदस्य पक्ष के लिये खड़े हुये हैं, इसलिये प्रस्ताव पेश करने की अनुमति दी जाती है। प्रस्ताव पर चर्चा 4 बजे तक समाप्त कर दी जानी चाहिये क्योंकि उसके बाद स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा आरम्भ की जानी है।

अध्यक्ष महोदय : मेरे विचार में हमें आधा घंटा मध्याह्न भोजन के लिये उठ जाना चाहिये और उसके बाद हम चार बजे तक विशेषाधिकार प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे।

तत्पश्चात् लोक सभा मध्याहन भोजन के लिए दो बजे म० प० तक के लिए स्थगित हुई

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till fourteen of the Clock.

मध्याह्न भोजन के पश्चात् लोक-सभा दो बज कर पांच मिनट म० प० पर पुनः समवेत हुई ।

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Five minutes past fourteen of the Clock.

उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए

Mr. Deputy Speaker in the Chair

रेल कर्मचारियों के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्णय के बारे में

RE. CALCUTTA HIGH COURT JUDGMENT IN RAILWAY EMPLOYEES CASE

प्रो० मधु दण्डवते : रेलवे कर्मचारी (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1968 के उप नियम 14(11) के अधीन कई रेलवे कर्मचारियों को नौकरी से निकालने सम्बन्धी आदेश को उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया है। इस निर्णय से रेलवे कर्मचारियों के कष्टों का निवारण हुआ है। मुझे आशा है कि सरकार यह आश्वासन देगी कि वह उच्च न्यायालय के निर्णय का आदर करेगी और इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती नहीं देगी और इस बात के लिये प्रयन्तशील रहेगी कि मजदूरों को भविष्य में तंग न किया जाये ।

श्री कृष्णचन्द्र हाल्दर (ग्रौसग्राम) : मैं माननीय सदस्य की बात का समर्थन करता हूं ग्रौर चाहता हूं कि नौकरी से हटाये गये कर्मचारियों को नौकरी पर वापिस ले लिया जाये।

श्रीएस० एम० बनर्जी : ग्रनुपूरक ग्रनुदानों की मांगों पर चर्चा करने से पूर्व मंत्री महोदय को एक वक्तव्य देना चाहिये कि वह सभी कर्मचारियों को नौकरी पर वापिस ले लेंगे।

ग्रनुदानों की मांगों में नौकरी से हटाये गये कर्मचारियों को किये जाने वाले भुगतान के लिये राशि की व्यवस्था नहीं की गई है। ग्राप रेलवे मंत्री को निदेश दें कि वह इसकी व्यवस्था करें ग्रन्यथा मांगों पर चर्चा करने में कठिनाई होगी।

श्रीमती पार्वती कृष्णन् (कोयम्बटूर) : मैं श्री एस० एम० बनर्जी द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सहमत हूं। इसके ग्रतिरिक्त मैं यह भी चाहती हूं कि जिन कर्मचारियों की ग्रपील रद्द हो गई है ग्रौर जिनको मुग्रत्तल तथा बर्खास्त करने का निर्णय किया गया है, उन्हें भी नौकरी पर वापिस ले लिया जाये।

उपाध्यक्ष महोदय: ग्रब ग्रनुदानों की मांगों पर चर्चा होगी।

श्री एस० एम० बनर्जी: मेरी ग्रापसे ग्रपील है कि ग्राप मंत्री महोदय को निदेश दें। (**व्यवधान**)

उपाध्यक्ष महोदय : मैं केवल इतना ही कह सकता हूं कि सरकार माननीय सदस्य के विचारों को ध्यान में रखेगी।

श्री धामनकर : मैंने नियम संख्या 377 के ग्रधीन नोटिस दिया था।

उपाध्यक्ष महोदय : यह समय नोटिस पर चर्चा का नहीं है।

श्री धामनकर : समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुई हैं कि नागपुर में पोलिसीधारियों के वेतनों से काटी गई प्रीमियम कई वर्षों से समायोजित नहीं की गई हैं। यह एक गम्भीर मामला है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिये।

विशेषाधिकार का प्रश्न

Question of Privilege

संसद् सदस्यों के बारे में ग्रपमानजनक टिप्पणियों वाला 'प्रतिपक्ष' में प्रकाशित समाचार

श्री पीलू मोदी (गोधरा) : यह एक ऐसा मामला था जो सीधे विशेषाधिकार समिति को भेजा जाना था। लेकिन ग्राश्चर्य की बात है कि ग्रध्यक्ष महोदय ने पहले तो प्रस्ताव पेश करने के लिये कहा ग्रौर बाद में विधि मंत्री द्वारा हस्तक्षेप करने का ग्रवसर दिया। यही नहीं संसदीय कार्य मंत्री ने भी मेरे प्रस्ताव का विरोध किया, क्या संसदीय मंत्री यह समझते हैं कि यह मामला विशषाधिकार समिति को नहीं सौंपा जाना चाहिये। ग्रगर वह ऐसा समझते हैं ग्रौर यह भी जानते हैं कि ग्रखबारों में छपा मामला सच है तो मेरा सुझाव है कि संसदीय कार्य मंत्री के विरुद्ध भी विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया जाना चाहिये।

संसदीय कार्य मंत्री ने कुछ समय मांगा है। क्या वह यह सोचने के लिये समय चाहते हैं कि यह मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा जाये ग्रथवा नहीं। क्या वह मेरे प्रस्ताव की भाषा को बदलना चाहते हैं? समय मांगने का उद्देश्य क्या है?

यह मामला तुरन्त विशेषाधिकार समिति को भेजा जाना चाहिये था। परन्तु सरकार जानबूझकर इस मामले में देरी कर रही है। मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हू कि इस संसद को प्रधानमंत्री सचिवालय के हाथों में पुतली बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। यह सचिवालय संसदीय कार्य मंत्री को अमुक कार्य करने का अनुदेश देता है। (व्यवधान)

श्री एच० एन० मुकर्जी (कलकत्ता-उत्तर-पूर्व) : अगर यह गलत है तो मंत्री महोदय को हस्तक्षेप करना चाहिये।

श्री श्यामनन्दन मिश्र : प्रधानमंत्री का सचिव कांग्रेस सदस्यों और मंत्रियों के कार्य निष्पादन की रिपोर्ट प्रधानमंत्री को भेजता रहता है।

श्री के० पी० उन्नीकृष्णन् : प्रतिपक्ष का उद्देश्य सभा के नेता की निन्दा करना है। सभा के कार्य में विघ्न डालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। जब महत्वपूर्ण मामले पर चर्चा के दौरान कोई सदस्य हस्तक्षेप करता है तो उसकी आलोचना करने के लिये हम आपका आदेश मांगते हैं। यदि आप चाहते हैं कि सभा की कार्यवाही ठीक चले तो आपको यह गड़बड़ी रोकनी होगी।

श्री पीलू मोदी : संसद् तथा संसदीय प्रजातन्त्र में विरोधी पक्ष का यह कर्तव्य है कि वह सत्तारूढ़ दल के कार्यों के गुण दोषों की आलोचना करे। हमें जनता ने इसी कार्य के लिये निर्वाचित करके भेजा है। माननीय सदस्य शायद इसलिये चिन्तित है कि सभा के नेता की आलोचना की जा रही है। जब तक माननीय सदस्य अपने विशेषाधिकारों का समुचित उपयोग करना नहीं जानेंगे, तब तक ये संसद सदस्य के रूप में उनका कोई अस्तित्व नहीं है। इस सम्बन्ध में एक विभिन्न बात यह देखने में आती है कि 21 संसद सदस्यों ने पत्र पर हस्ताक्षर करके भारत सरकार की नीति को बदला है । यही हमारी शिकायत है । मंत्री महोदय यह तर्क दे रहे हैं कि 21 संसत्सदस्यों ने दवाव डाल कर उन लोगों को लायसेंस जारी करने को बाध्य किया है जिन्हें पहले लायसेंस देने से मना कर दिया गया था। इसी मामले का दूसरा पहलू यह है कि कुछ हस्ताक्षर तो दबाब डाल कर करवाये गये तथा कुछ धोखे से करवाये गये और कुछ हस्ताक्षर जाली हैं। इस प्रकार सत्तारूढ़ दल अब दूसरी ही कहानी पेश कर रहा है और अपने अनुसार ही हालात बनाने के लिये एक के बाद दूसरे तर्क पेश कर रहा है । हाथ का खिलौना बने सदस्यों से न केवल जाली हस्ताक्षर कराये जाते हैं बल्कि उन्हें मिथ्या साक्षी भी बनाया जा रहा है। अब जिन सदस्यों ने इनकी जांच करने हेतु एक संसदीय जांच समिति बनाने की मांग की उन्हें ही अपना पत्र वापस लेने को बाध्य किया जा रहा है। लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में यह एक विचित्र घटना रहेगी। वे लोग पहले तो यहां कुछ मांग कर बैठते हैं परन्तु फिर उसी मांग को वापस लेते हैं क्योंकि यह मांग उनके नेता को पसन्द नहीं है। यह सब कुछ नागरवाला, मारुति तथा फ्लाई ओवर घोटालों पर पर्दा डालने के लिये किया गया है।

यदि सरकार सभी घोटालों पर पर्दा डालना चाहती है तो फिर इस संसद की क्या जरूरत रह जाती है? ये इतने संगठन और संस्थान क्यों बनाये गये हैं? राष्ट्रपति पद का भी यहां कितना महत्व है? देश के मंत्रिमण्डल की भी यहां कितनी शक्ति है? इसे तो केवल एक रबड़ की मोहर मात्र की शक्ति प्राप्त है। अनेक मंत्रियों को तो कई बार यह भी नहीं मालूम होता कि उनके मंत्रालयों के बारे में क्या निर्णय किया गया है। श्री स्वर्ण सिंह को भारत सोवियत संधि तक का पता नहीं था । श्री चव्हाण को हाल ही के अध्यादेशों तक की जानकारी नहीं थी इससे अधिक आप क्या प्रमाण चाहते हैं ? जरा विपक्ष की दशा देखिये। हमारे न्यायालय आज वचनबद्ध तथा भ्रष्टाचार से भरे पड़े हैं। समाचार

पत्र भी दिन रात सरकारी दृष्टिकोण ही पेश करते हैं। जनमत तो देश में बन ही नहीं पा रहा है। देशवासियों को जानबूझकर अशिक्षित और अज्ञानपूर्ण रखा जा रहा है ताकि उन्हें चाहे जिस मार्ग पर मोड़ा जा सके। 15 वर्ष पहले देश में 21 करोड़ लोग अनपढ़ थे और आज 35 करोड़ लोग अनपढ़ हैं। यह इस सरकार ने तरक्की की है। आज देश में बस यही सरकार बन सकती है और चाहे जो कर सकती है। चाहे जितना भ्रष्टाचार फैला सकती है।

परन्तु ऐसा हमेशा तो नहीं चलेगा। अब देशवासियों का रोष बढ़ने लगा है। अपराधों और हिंसा के मामले तथा गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। श्री जयप्रकश नारायण ने जो आन्दोलन अब आरम्भ किया है वैसा छः मास पूर्व गुजरात में भी हो चुका है। हद की बात है कि एक संबंधित तथा महत्वपूर्ण पत्र को संसद के सामने नहीं आने दिया गया। निष्कर्ष यही निकलता है कि प्रधान मंत्री उनका मंत्रिमण्डल, संसदीय कार्य मंत्री तथा कांग्रेस दल सभी संसद को बस उतना ही समझते हैं। जैसा कि एक पत्र में कहा गया है। अतः मैं तो यही समझता हूं कि इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजा जाये।

उपाध्यक्ष महोदय : यह चर्चा हम यदि नियम 225 के अन्तर्गत अनुमति दी गई है तो नियम 226 के अन्तर्गत कर रहे हैं जिसके अनुसार यह सभा यह तो प्रस्ताव पर चर्चा करके स्वयं निर्णय ले या फिर प्रस्तावक अथवा किसी अन्य सदस्य द्वारा प्रस्ताव किये जाने पर उसे विशेषाधिकार समिति के पास भेजे।

श्री मोदी को अनुमति अध्यक्ष महोदय ने दी थी और अब मैं समझता हूं कि श्री मोदी ने अपना प्रस्ताव पेश कर दिया है। परन्तु मुझे अभी तक यह मालूम नहीं है कि वह प्रस्ताव वस्तुतः क्या है। मेरे सामने तीन पत्र हैं। एक तो वह मूल पत्र है जो श्री मोदी ने अध्यक्ष को भेजा जो कि नोटिस के रूप में है। एक नोटिस तो प्रस्ताव नहीं हो सकता दूसरा एक कागज श्री मोदी द्वारा हस्ताक्षरित है जो प्रस्ताव की शक्ल में है।

श्री श्यामनन्दन मिश्र : कृपया उसे पढ़िये।

उपाध्यक्ष महोदय : इसमें लिखा है :—

